# गन्ना किसानों की समस्या के स्थायी समाधान पर जोर

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : गंभीर वित्तीय संकट से गुजर रहे चीनी उद्योग को राहत देने और गन्ना किसानों के भुगतान को आसान बनाने के उद्देश्य से भाजपा ने अपने चुनावी संकल्प पत्र में एक विशेष उपाय का प्रावधान किया है। खाद्य सुरक्षा कानून के तहत राशन कार्ड पर खाद्यान्न वितरण की तर्ज पर देश के 80 करोड़ उपभोक्ताओं को 13 रुपये प्रति किलो की दर से चीनी बांटी जाएगी। इससे गरीबों को जहां सस्ती दर पर चीनी उपलब्ध होगी, वहीं घरेलू चीनी उद्योग की मुश्किलें आसान हो जाएंगी। भाजपा के संकल्प पत्र में खाद्य सुरक्षा को प्रोत्साहित करने पर जोर देने की बात कही गई है। देश के 67 फीसद लोग जिनकी संख्या 80 करोड़ है, उन्हें एक बार फिर बेहद रियायती दर पर चीनी बांटने का वादा किया है। यह प्रावधान पहले भी था, जिसे हटा दिया गया था। देश में चीनी के भारी उत्पादन को देखते हुए भाजपा ने एक तीर से दो निशाने साधे हैं। उत्तर प्रदेश की चीनी मिलों पर गन्ना किसानों एरियर लगातार बढ़ता जा रहा है। घरेलू बाजार में चीनी के भारी स्टॉक के चलते कीमतें बहुत नीचे चल रही हैं। कमोबेश यही हाल अंतरराष्ट्रीय बाजार का है, जिससे चीनी का निर्यात नहीं हो पा रहा है। यह हाल पिछले कई साल से चल रहा है।

**80** करोड़ परिवारों को राशन पर मिलेगी 13 रुपये किलो चीनी

Dainik Jagran
9/4/2019